तापमान
अधिकतम 35 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .4 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 नशा मुक्त हरियाणा को लेकर होंगे आउटरीच कार्यक्रम, जिले में 6 सिंतबर को मैराथन



12 आज 14 परीक्षा केंद्रों पर होगी एचटेट लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा, साढे 4 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। कसोला थाना पुलिस ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर सड़क हादसे के बाद गत 15 जून को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने काठूवास निवासी विक्रम को गिरफ्तार कर लिया। थाना सदर पुलिस ने सड़क दुर्घटना के बाद 6 जून को दर्ज किए गए मामले में रामगढ़ निवासी बिजेंद्र को गिरफ्तार किया है। मामलों की तफतीश में शामिल करने के बाद बाद दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न मामले में एक गिरफ्तार

**कसोला।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी महिला सुमन देवी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच काउंसलिंग के जरिए समझौता कराने के प्रयास किए थे। कई बार पुलिस थाने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई, लेकिन उनमें सुलहनामा नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने गत 3 जून को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने भिवानी के बापोड़ा निवासी शैलप्रताप को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### मारपीट मामले में तीन आरोपी दबोचे

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने कसोली गांव में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर गत 24 जून को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में कसोली निवासी ओमप्रकाश, भरतू और राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कार सहित काबू किए पांच आरोपी

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने कुंड में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पांच आरोपियों को कार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ति पक्ष के बयान पर गत 30 जून को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद कंवाली निवासी हर्ष, अंश, ढाणी शोभा निवासी सुदेश, कुंड निवासी जितेंद्र और बासदुधा निवासी नवीन को गिरफ्तार कर लिया। मारपीट में प्रयुक्त स्विफ्ट कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली।

### फरार पीओ चढ़ गया पुलिस के हत्थे

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। अदालत में चल रहे मामले में बनीपुर निवासी राजपाल लगातार अनुपस्थित चल रहा था। उसे बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी जब वह कोर्ट में पेश नहीं हुआ, तो उसे पीओ घोषित कर दिया गया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे, जिनकी अनुपालना करते हुए पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे में तीन युवक घायल

**रेवाड़ी।** राजेश पायलट चौक के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। राजस्थान निवासी होशियार, एमपी के रहने वाले वाशु और मनोज बाइक पर जा रहे थे। राजेश पायलट चौक के पास किसी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर्मचारियों की तीसरे दिन भी जारी रही हड़ताल

# तीन दिन से डंपिंग यार्ड सहित सड़कों से नहीं उठा सैकड़ों टन कचरा, बदहाली की ओर अग्रसर शहर

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर के मोहल्लों, कॉलोनियों व बाजारों में तीसरे दिन भी कचरा कलेक्शन गाड़ियों में बजता स्वच्छता का जागरूकता गीत सुनाई नहीं दिया। कचरा कलेक्शन गाड़ियों के पहिये शुक्रवार को सीएसआई कार्यालय में थमे रहे। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का ठेका लेने वाली फर्म व नगर परिषद की सुस्ती के कारण तन दिन में शहर की गलियों में सैकड़ों टन कचरा जमा हो गया है, जिससे चारों ओर दुर्गंध फैलने से लोगों को बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। 3 महीने से वेतन नहीं मिलने पर कचरा कलेक्शन गाड़ियों पर कार्यरत कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रही। शहर डंपिंग स्टेशनों पर कचरे का अंबार लग गया है वही मोहल्लों की सड़कों को कचरे ने घेर लिया है। कचरा कलेक्शन गाड़ियों पर कार्यरत ड्राइवरों व हेल्परों का कहना है कि वेतन देने की बजाय ठेकेदार की ओर से उन पर काम शुरू करने का दबाव बनाया जा रहा है। शुक्रवार को कर्मचारियों ने डीसी को ज्ञापन देकर ठेकेदार से समय पर वेतन दिलवाने की मांग भी की है।

गलियों में लगे गंदगी के अंबार



रेवाड़ी। उठान नहीं होने से गोल चक्कर की सड़क पर फैला कचरा व मुंह मारती गाय। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। राव तुलाराम पार्क के सामने डंपिंग यार्ड के बाहर लगा गंदगी का ढेर।

### गोल चक्कर पर फिर लगा गंदगी का अंबार

*गत 8 जून को गोल चक्कर स्थित ट्रांसफार्मर के पास डाले जा रहे कचरे के कारण करंट लगने से गाय की मौत हो गई थी। पार्षद की ओर से शिकायत करने के बाद कचरा प्वाइंट का स्थान बदलकर सैनी स्कूल के सामने कर दिया गया था, लेकिन अब तीन दिन से कचरा उठान नहीं होने से गोल चक्कर पर फिर से गंदगी का अंबार लग गया है। शुक्रवार को कचरे में गोवंश भी मुंह मारते रहे। बरसात के मौसम में ट्रांसफार्मर के पास कचरा डालने से फिर से अप्रिय घटना हो सकती है। इसके अलावा ट्रामा सेंटर के बाहर बंद किया गया कचरा डंपिंग प्वाइंट भी फिर से शुरू हो गया है, जिससे सरकुलर रोड पर कचरा फैल रहा है।*



### छोटे डंपिंग स्टेशनों से उठाया कचरा

कर्मचारियों की हड़ताल से जगह-जगह कचरा जमा होने से शहर बदहाली की ओर अग्रसर हो रहा है। कचरा कलेक्शन ठेकेदार की ओर से पिछले 3 महीने से गाड़ियों के 117 ड्राइवरों व हेल्परों को वेतन नहीं दिया है। शुक्रवार को हड़ताल के तीसरे दिन श्री श्याम एसोसिएट्स फर्म के ठेकेदार के सुपरवाइजर को ही छोटे डंपिंग स्टेशनों से कचरा उठान के लिए ट्रैक्टर चलाना पड़ा। ठेकेदार के कारिंदों ने अग्रसेन चौक सहित शहर के छोटे डंपिंग स्टेशनों कचरे का उठान किया, जबकि राव तुलाराम पार्क के सामने डंपिंग स्टेशन व एमआरएफ सेंटर के बाहर तक कचरा फैलता रहा। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर्मचारी संघ के प्रधान राकेश कुमार ने बताया कि ठेकेदार की ओर से कुछ कर्मचारियों के खाते में 2 हजार, 3 हजार व 4 हजार रुपये डालकर उनके साथ भद्दा मजाक किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि ठेकेदार की ओर से 35 करोड़ का ठेका लेने के बाद भी वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

---

*आरोपी पत्नी सहित दो किए गिरफ्तार, साजिश रचने वाले प्रेमी की तलाश*

# सामान्य नहीं थी युवक मोनू की मौत पत्नी ने साजिश के तहत कराई थी हत्या



रेवाड़ी। पत्रकारवार्ता में हत्या की जानकारी देते हुए डीएसपी सुरेन्द्र श्योराण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 10 जून को आसलवास नहर से मिले 21 वर्षीय मोनू की मौत के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में यह बात सामने आई कि मोनू की पत्नी ने ही प्रेमी के साथ मिलकर उसकी हत्या कराई थी। बाद में शव नहर में फेंक दिया गया। पुलिस ने आरोपी पत्नी और हत्या में शामिल युवक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि साजिश रचने वाले प्रेमी व एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है। जड़थल निवासी रतनलाल ने कसोला पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसका बेटा मोनू 8 जून की रात मेडिकल स्टोर से दवा लाने के लिए स्कूटी लेकर निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद मोनू का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। 10 जून की सुबह लोगों ने आसलवास नहर में शव पड़ा देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी थी। पुलिस ने सूचना मिलने के बाद मौके पर जाकर शव नहर से बाहर निकलवाया था। मृतक की पहचान मोनू के रूप में हो गई थी। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर जांच कराई थी, परंतु मृतक के शरीर पर किसी तरह के कोई निशान नहीं मिले थे। मोनू की स्कूटी भी नहर के पास ही मिली थी, जिससे उसके नहर में डूबकर मरने की संभावना जताई जा रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था।

#### परिजनों की आशंका पर पुलिस अलर्ट

डीएसपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण ने बताया कि मृतक के परिजनों ने मोनू की हत्या की आशंका जताई थी। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी आधार पर जांच शुरू की थी। जांच के बाद यह बात सामने आई कि मोनू की पत्नी तन्नू का पहले से ही सोनू नाम के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मोनू को रास्ते से हटाने के लिए उसने सोनू के साथ मिलेकर हत्या की साजिश रची। सोनू ने हत्या के लिए अपने दो दोस्तों का इस्तेमाल किया, जिनमें से एक मुंडनवास निवासी हरिओम पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उससे पूछताछ के बाद पुलिस ने तन्नू को भी गिरफ्तार कर लिया।

#### मुंह व नाक दबाकर किया गया बेसुध

डीएसपी श्योराण ने बताया कि तन्नू ने ही अपने पति मोनू को फोन पर कसोली बुलाया था। जब वह कसोली पहुंचा तो वहां हरिओम व उसका एक अन्य साथी अमन पहले से मौजूद थे। उन्होंने मोनू को मुंह व नाक दबा लिए। जब तक वह बेसुध नहीं हुआ, तब तक उसे दबोचे रखा। इसके बाद उसे नहर में डाल दिया गया। पुलिस एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उसके आधार पर ही पता चल सकेगा कि मौत पहले हो चुकी थी या पानी में डूबने के बाद। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड पर लिया गया है।

---

# केक काटने को लेकर पहले झड़प, इसके बाद 6.5 करोड़ रुपये वितरित, जिला परिषद की बैठक में हुआ हंगामा

■ चेयरमैन ने प्रस्तुत किया आय-व्यय का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। बैठक में आय-व्यय का ब्योरा पेश करते हुए जिला प्रमुख मनोज यादव। फोटो: हरिभूमि

जिला परिषद की बैठक शुक्रवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में जिला प्रमुख मनोज यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जन्मदिन का केक काटने को लेकर कुछ पार्षदों में आपस में झड़प हुई, लेकिन बाद में मामला शांत हो गया। इसके बाद बैठक में जिले के विभिन्न वार्डों में विकास के लिए 6.5 करोड़ की राशि आवंटित की गई। इस बैठक में कुछ पार्षदों को छोड़कर लगभग सभी मौजूद रहे। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री आरती राव के जन्म दिन का केक काटने के लिए राव खेमे के कई पार्षद तैयार हुए, तो विपक्ष के कुछ पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। सूत्रों के अनुसार हंगामे के बीच दो पार्षदों में हाथापाई की नौबत तक आ गई। इसके बाद एक पार्षद को बैठक से बाहर निकालकर मामला शांत कर दिया गया। जिला प्रमुख मनोज यादव ने पिछली बैठक में आवंटित की गई विकास राशि के खर्च का ब्योरा प्रस्तुत किया। नए विकासकार्यों के लिए साढ़े 6 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई। इसमें कई गांवों में पेयजल, रास्ते पक्के कराना व दूसरे विकासकार्य शामिल हैं। बैठक में जिला उप प्रमुख नीलम रायपुर, भूपेंद्र यादव, बलजोर, अनिल रायपुर, लालाराम व अधिकांश पार्षद मौजूद रहे।

#### स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा बढ़ावा

कैबिनेट मंत्री आरती राव का जन्मदिन मनाते हुए अनिल रायपुर ने कहा कि जब से आरती राव ने प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य विभाग का जिम्मा संभाला है, प्रदेश और विशेषकर दक्षिणी हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं को काफी बढ़ावा दिया गया है। हाल ही में इस क्षेत्र की कई पीएचसी को अपग्रेड किया गया है। सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की दशा सुधारने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए हैं। आरती राव इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को तेजी से गति प्रदान करने का कार्य कर रही हैं, ताकि आमजन को सस्ता, सुलभ और उत्तम इलाज मिल सके।

---



रेवाड़ी। गांव सुमा खेड़ा में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए विधायक अनिल यादव। फोटो: हरिभूमि

# हरियाणा के चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति का नया दौर आरंभ: अनिल यादव

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में कोसली विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कराया जा रहा है। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को गांव सुमा खेड़ा में 80 लाख रुपये के विकास कार्यों का उद्घाटन किया। हरियाणा के चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति का नया दौर आरंभ हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का प्रयास है कि हर जिले में एक ऐसा आधुनिक अस्पताल बने, जिससे वहां के लोगों को इलाज के लिए कहीं बाहर न जाना पड़े। सरकारी अस्पतालों में ही एमआरआई, डायलिसिस, सीटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सभी नागरिक अस्पतालों में अत्याधुनिक मशीनें, एंबुलेंस, विशेषज्ञ चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ को लगाया जा रहा है। विधायक अनिल यादव ने जाटूसाना बीडीपीओ ऑफिस में जन शिकायतों की सुनवाई की और अधिकारियों को समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अनेक गांवों के सरपंच, चेयरमैन, जिला पार्षद, पार्टी पदाधिकारी व अधिकारी मौजूद थे।



# बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** कुंड चौकी पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला महेंद्रगढ़ के गांव राजपुरा निवासी हितेंद्र उर्फ डॉक्टर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। जिला महेंद्रगढ़ के गांव बजाड निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि उसने कुंड बैरियर पर फुटवियर और गारमेंट्स की दुकान की हुई है। उसने बताया कि गत 26 मई को सुबह करीब 10 बजे वह अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ी करके अंदर सामान व्यवस्थित कर रहा था। इसी दौरान जल्दबाजी में बाइक की चाबी बाइक में ही लगी रह गई। कुछ देर बाद जब वह दुकान का काम निपटाकर बाहर आया, तो उसकी बाइक गायब थी। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी हितेंद्र उर्फ डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेलें भेज दिया गया है। जांचकर्ता ने बताया कि इस वारदात में एक अन्य आरोपी भी संलिप्त है, जिसकी पहचान की जा चुकी है।

# अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला गिरफ्तार

**बावल।** बावल थाना पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव बधराणा निवासी कमल सिंह के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 9 जून को पुलिस टीम गांव दुल्हेडा से गांव झाबुआ मार्ग पर चैकिंग के लिए मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध शख्स अपनी बिना नंबर प्लेट की बाइक के साथ बैठा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो उसने अपना नाम चरण सिंह उर्फ बब्लू निवासी गांव झाबुआ बताया। व्यक्ति शराब के नशे में धुत था। शक होने पर जब पुलिस टीम ने उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक अवैध देशी पिस्टल बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को शस्त्र अधिनियम तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अवैध देशी पिस्टल गांव बधराणा निवासी कमल सिंह ने उपलब्ध कराया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त आरोपी कमल सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



---

**निरीक्षण** नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की

# सीजेएम ने नशा मुक्ति केंद्र व वन स्टॉप सेंटर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। वन स्टॉप सेंटर में जानकारी लेते हुए सीजेएम। फोटो: हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सीजेएम डा. रेनू सोलखे ने शुक्रवार को नशा मुक्ति केंद्र और वन स्टॉप सेंटर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा की। केंद्र की वोकेशनल काउंसलर ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में फिलहाल 9 रोगी उपस्थित हैं। संदीपा काउंसलर की ओर से रोगियों की समय-समय पर काउंसलिंग की जाती है तथा उन्हें नशा छोड़ने के प्रति जागरूक किया जाता है। सीजेएम डा. सोलखे ने कहा कि सभी को कानूनी सहायता और उनकी सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने युवकों को नशे से होने वाले नुकसानों से भी अवगत करवाया। इसके बाद सीजेएम ने वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में एक पीड़िता उपस्थित पाई गई। डा. सोलखे ने केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं पीड़ति को दी जा रही सहायता की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पीड़िता को सभी आवश्यक कानूनी एवं चिकित्सकीय सहायता समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी ने सीजेएम को केंद्र की कार्यप्रणाली एवं वर्तमान में दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। वन स्टॉप सेंटर का उद्देश्य हिंसा से पीड़ति महिलाओं को एक ही छत के नीचे चिकित्सा, पुलिस सहायता, कानूनी सलाह एवं अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराना है।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

## लाइफ Style

# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज़्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।



# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवार्ड्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## खबर संक्षेप

### चाय के खोखे पर शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** रामपुरा थाना पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में गांव हुसैनपुर निवासी बलवंत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खोखे से एक पेटी व एक पॉलीथिन में 13.25 बोतल देशी शराब बरामद की है। गत 2 जुलाई को पुलिस को सूचना मिली थी कि बलवंत सिंह अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। आरोपी नारनौल रोड पर गांव हरीनगर से आगे अपने चाय के खोखे पर शराब बेचने का धंधा करता है। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को अवैध शराब सहित काबू कर लिया।

### पहला सुख-निरोगी काया कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 5 जुलाई को नेहरू पार्क में प्रातः 6 बजे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम पहला सुख निरोगी काया का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पतंजलि के जिला प्रभारी दयाराम आर्य, डांस एकेडमी के निदेशक प्रवीण ठाकुर, शिक्षाविद शशि जुनेजा, हैल्थ एंड वैलनेस कोच आशू आहूजा व समाजसेवी हेमंत ग्रोवर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम में योगासन, प्राणायाम, मेडिटेशन, लाफ्टर थैरेपी व एरोबिक्स का अभ्यास कराया जाएगा तथा उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### मनुज का आईआईटी खड़गपुर में चयन

**कोसली।** क्षेत्र के गांव लुखी निवासी छात्र मनुज यादव का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी खड़गपुर में हुआ है। इस उपलब्धि पर परिजनों व ग्रामीणों ने मनुज के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मनुज के पिता धर्मवीर यादव जेबीटी अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता गीता देवी गृहिणी हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मनुज की यह सफलता ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सीमित संसाधनों के बावजूद मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। मनुज ने अपनी सफलता का श्रेय दादी कौशल्या देवी, पिता धर्मवीर यादव, माता गीता देवी, चाचा रणधीर यादव, चाची ज्योति यादव तथा अपने गुरुजनों को दिया है।

### बाबा उम्मंद सिंह की स्मृति में वार्षिक उत्सव 11 को

**कनीना।** बाबा उम्मंद सिंह महाराज की स्मृति में 17वां वार्षिक महोत्सव 11 जुलाई को धूमधाम से मनाया जाएगा। हरियाणा के साथ लगते बुहाना सब डिवीजन में आयोजित होने वाले इस समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ भंडारे और रात्रि जागरण का आयोजन किया जाएगा। ताराचंद जोशी ने बताया कि इस समारोह में मनमोहक भांकी के अलावा गायक कलाकार सुनील शर्मा, किशन फौजी, बेबी मधुर, सुरजीत वेदी व संदीप राजस्थानी धार्मिक भजनों की प्रस्तुती देंगे।

---

### 7 मई को शुरू हुआ था महिला आईटीआई के पास सीवरेज लाइन का कार्य

# '57 दिन' से उखड़ी सड़क, अधूरी सीवरेज लाइन... शहर की रफ्तार पर लगा ब्रेक

100 मीटर का काम अब भी अधूरा, आधी सड़क बंद होने से रोज जाम और हादसे का खतरा

▶▶ पार्क गली की वर्षों पुरानी ओवरफ्लो सीवर समस्या के समाधान का दावा, लेकिन दुकानदारों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं, विभाग बोला- माह के अंत तक पूरा होगा कार्य

राजकुमार ▶▶ नारनौल

महिला आईटीआई के समीप सीवरेज लाइन बदलने के लिए 7 मई को तोड़ी गई मुख्य सड़क को शुक्रवार तक 57 दिन बीत चुके हैं, लेकिन करीब 100 मीटर का कार्य अब भी पूरा नहीं हो पाया है। दो माह के करीब पहुंच चुके इस प्रोजेक्ट ने शहर की सबसे व्यस्त सड़कों में से एक की रफ्तार थाम दी है। सड़क का एक हिस्सा पिछले दिनों से बंद पड़ा है, मिट्टी के ढेर अब भी मौके पर हैं और दोनों तरफ से आने वाले वाहनों को एक ही लेन से गुजरना पड़ रहा है।परिणामस्वरूप दिनभर जाम, अव्यवस्था और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह कार्य शहर की वर्षों पुरानी और जटिल ओवरफ्लो सीवर एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए शुरू किया गया था। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का दावा था कि नई सीवरेज लाइन बिछने के बाद पार्क गली, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस क्षेत्र और आसपास के इलाके को लंबे समय से चली आ रही परेशानी से राहत मिलेगी। कार्य की धीमी रफ्तार ने लोगों की परेशानी कम करने के बजाय बढ़ा दी है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सीवरेज लाइन का कार्य युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए तथा सड़क का पुनर्निर्माण भी तुरंत शुरू किया जाए, ताकि बाजार, स्कूल और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य आवागमन बहाल हो सके।



नारनौल। जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा तोड़ी गई सड़क। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। मिट्टी डालकर बंद की गई सड़क।

### व्यस्त मार्केट में समस्याओं का स्थायी डेरा

पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के समीप स्थित पार्क गली शहर की सबसे व्यस्त व्यावसायिक मार्केटों में गिनी जाती है। रेडीमेड कपड़ों, जूतों और फैशन से जुड़े प्रतिष्ठानों के कारण यहां दिनभर युवाओं और खरीददारों की भीड़ रहती है, लेकिन बरसात का मौसम आते ही यह बाजार ओवरफ्लो सीवर और जलभराव की समस्या से जूझने लगता है। व्यापारियों का कहना है कि हर वर्ष नगर परिषद, जनस्वास्थ्य विभाग और प्रशासन स्थायी समाधान का भरोसा देते हैं। ज्ञापन दिए जाते हैं, धरने होते हैं, जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई जाती है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं।

### एक लेन बंद, हजारों वाहन रोजाना प्रभावित

महावीर चौक से महिला आईटीआई, बहादुर सिंह तालाब और आगे के क्षेत्रों को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग शहर की महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल है। सड़क का एक हिस्सा बंद होने से दोनों दिशाओं का ट्रैफिक एक ही लेन से संचालित हो रहा है। सुबह-शाम कार्यालय समय और बाजार के व्यस्त घंटों में यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आमने-सामने वाहन आने पर कई बार टकराव जैसी स्थिति बन जाती है। स्कूली विद्यार्थी, दुपहिया चालक, ई-रिक्शा और भारी वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है।

### ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग के दौरान क्षतिग्रस्त हुई थी लाइन

जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार महिला आईटीआई के पास गंदे नाले के साथ लगी सीवरेज लाइन उस समय क्षतिग्रस्त हो गई थी, जब बिजली निगम ने ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए नए पोल लगाए थे। पोल गाड़ने के दौरान भूमिगत सीवरेज लाइन दो स्थानों से टूट गई। शुरुआत में विभाग को लगा कि केवल दो-तीन मीटर हिस्से की मरम्मत करनी पड़ेगी, लेकिन खुदाई के दौरान क्षति का दायरा बढ़ता गया और अंततः लगभग 100 मीटर तक नई लाइन बिछाने का निर्णय लेना पड़ा। इसी कारण पूरी सीमेंटेड सड़क को जेसीबी से तोड़ दिया गया। मगर 57 दिन बाद भी कार्य अधूरा है और सड़क अभी तक पूर्व स्थिति में नहीं लौट सकी है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

जनस्वास्थ्य विभाग के कनिष्ठ अभियंता अमित गोयल ने बताया कि महिला आईटीआई के पास क्षतिग्रस्त सीवरेज लाइन को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य इस माह के अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। नई लाइन बिछने के बाद आगामी मानसून में बरसाती पानी और सीवरेज निकासी की समस्या काफी हद तक दूर होगी।

---

# कपड़े या जूट के थैलों का करें उपयोग : उपायुक्त



रेवाड़ी। नागरिकों को जूट के थैले वितरित करते डीसी अभिषेक मीणा।

- अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में पर्यावरण संरक्षण और सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

डीसी अभिषेक मीणा ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी निपुण गुप्ता के साथ लघु सचिवालय में आम नागरिकों को पर्यावरण अनुकूल जूट के थैले वितरित किए। इस अवसर पर डीसी ने लोगों से प्लास्टिक और पॉलीथिन बैग का उपयोग न करने की अपील की। डीसी ने कहा कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण और जीव-जंतुओं को प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। उन्होंने कहा कि कपड़े और जूट के थैले का प्रयोग कर हम पर्यावरण को बचा सकते हैं और आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ भविष्य दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे छोटे-छोटे प्रयास पर्यावरण और प्रकृति संरक्षण में बड़ी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने शहर के मुख्य बाजारों गुड़ बाजार, कटला बाजार व अनाज मंडी में भी लोगों को जूट के बैग वितरित किए।

### मसानी स्कूल में हुई प्रतियोगिता

अभियान के तहत प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसानी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के नुकसान विषय पर आयोजित भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सहायक पर्यावरण अभियंता अजय यादव, कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता दीपक यादव ने पुरस्कार वितरित कर सम्मानित व प्रोत्साहित किया।

---

# एसआईआर संबंधी अफवाहों पर न दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सोशल वे सोशल मीडिया व अन्य डिजीटल प्लेटफार्म पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने संबंधी किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक सूचना अथवा गलत प्रचार पर विश्वास न करें तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र अवश्य जमा करें, ताकि उनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची में सुरक्षित रूप से शामिल किया जा सकें।



डीसी अभिषेक मीणा।

डीसी ने स्पष्ट किया कि जिन मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं होगा, उनका नाम केवल निर्धारित परिस्थितियों में ही जैसे डुप्लीकेट अथवा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकरण, मृत मतदाता, स्थाई रूप से स्थानांतरित मतदाता, अनुपस्थित अथवा पता न चलने वाले मतदाता तथा गणना प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने वाले मामलों में बीएलओ स्थानीय जांच व निर्धारित प्रक्रिया और रिकॉर्ड के आधार पर ही कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं होंगे, उनके संबंध में बीएलओ स्थानीय जांच के आधार पर संभावित कारण जैसे अनुपस्थिति, स्थानांतरण, मृत, डुप्लीकेट सूची तैयार करेगा।

### किसी अपात्र का नाम सूची में न रहे

डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल करना व किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल होने से रोकना है। उन्होंने बताया कि 15 जून से 14 जुलाई तक चल रहे गणना चरण के दौरान प्रत्येक वर्तमान मतदाता को बूथ लेवल अधिकारी की ओर से गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान मतदाता हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र जमा करेंगे और उनका नाम बिना किसी अतिरिक्त दस्तावेज की मांग किए प्रारंभिक मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। डीसी ने कहा कि 14 जुलाई तक वर्तमान मतदाता हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र जमा करेंगे और उनका नाम प्रारंभिक मतदाता सूची 2026 में शामिल किया जाएगा। गणना चरण के दौरान किसी भी प्रकार का दस्तावेज जमा नहीं कराया जाएगा। मतदाता स्वयं, परिवार का कोई वयस्क सदस्य व ऑनलाइन माध्यम से भी गणना प्रपत्र भर सकता है।

### दावा व आपत्ति का मिलेगा अवसर

डीसी मीणा ने कहा कि 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावा एवं आपत्ति अवधि के दौरान प्रत्येक पात्र नागरिक को अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर मिलेगा। कोई भी पात्र नागरिक फॉर्म-6 के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने तथा फॉर्म-8 के माध्यम से आवश्यक संशोधन कराने के लिए आवेदन कर सकता है।

---

# नशा मुक्त हरियाणा को लेकर होंगे आउटरीच कार्यक्रम, जिले में 6 सितंबर को मैराथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

नशा मुक्त हरियाणा को लेकर जिले में आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण गुप्ता तथा विशेष अधिकारी सामुदायिक पुलिसिंग और आउटरीच पंकज नैन ने नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता के तहत होने वाले कार्यक्रम व रेवाड़ी सहित विभिन्न जिलों में अलग-अलग तिथियों में होने वाली मैराथन को लेकर सभी डीसी व अन्य अधिकारियों के साथ वीसी की। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को पंचकूला के इंद्रधनुष स्टेडियम में नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रेवाड़ी में 6 सितंबर को मैराथन का आयोजन किया जाएगा।



रेवाड़ी। कार्यक्रम को लेकर वीसी में भाग लेते डीसी, एसपी व अन्य अधिकारी।

वीसी के उपरांत डीसी अभिषेक मीणा ने कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा को लेकर 6 सितंबर को प्रस्तावित मैराथन को लेकर सभी तैयारियां शुरू की जाएं। उन्होंने कहा कि इस मैराथन में जिला से सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

---

# आईजीयू के अंडर ग्रेजुएट परीक्षाओं के परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय ने मई-जून 2026 में आयोजित विभिन्न स्नातक सम सेमेस्टर की नियमित, री-अपीयर एवं मर्सी चांस परीक्षाओं के 73054 विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। विश्वविद्यालय ने इस बार परीक्षाएं जारी होने के बावजूद समयबद्ध ढंग से परिणाम घोषित किए हैं, जिससे विद्यार्थियों को देशभर के विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में सुविधा मिलेगी। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. विपुल यादव ने बताया कि घोषित परिणामों में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए, बीटेक, बीकॉम ऑनर्स व बीएससी ऑनर्स सहित



डा. विपुल यादव

विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों के अनेक सेमेस्टर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया भी जारी है। इच्छुक विद्यार्थी 6 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऐसे में समय पर परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। डा. यादव ने बताया कि एलएलबी एवं बीफामेर्सी की परीक्षाओं के परिणाम अभी घोषित होने शेष हैं।

---

# विधवा अनुदान योजना: महिलाओं को मिलेगा तीन लाख रुपये तक का ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार चला रही है कल्याणकारी योजनाएं

सरकार की ओर से महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में विधवा अनुदान योजना शुरू की है, जिसके तहत महिलाओं को तीन लाख रुपए तक का ऋण बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि योजना के लिए वही महिलाएं पात्र होंगी, जिनकी पारिवारिक आय तीन लाख रुपए या फिर इससे कम हो तथा महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कोई भी महिला पहले किसी ऋण मामले में डिफाल्टर न हो और हरियाणा की निवासी महिला ही योजना का लाभ ले सकती है।

डीसी ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से वहन की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपए या 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना के तहत विधवा महिलाएं डेयरिंग, वाहन के तहत ऑटो रिक्शा, ई रिक्शा, सामाजिक व व्यक्तिगत सेवा गतिविधियों के तहत सैलून, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, बुटीक, पापड़ बनाना, अचार बनाना, हलवाई की दुकान, फूड स्टॉल, आइसक्रीम बनाने की यूनिट, बिस्कुट बनाना, टिफिन सर्विस व स्कूल यूनिफार्म सीलने का काम शुरू कर सकती है। योजना का लाभ लेने के लिए महिला को आवेदन पत्र, राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, पति का मृत्यु प्रमाण पत्र ,पासपोर्ट आकार फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ट्रेनिंग प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र सभी दस्तावेजों की दो-दो प्रतियां जमा करानी होगी।

---



कोसली। झुग्गियों में फल वितरित करते हुए जगफूल यादव। फोटो : हरिभूमि

### आरती सिंह राव के जन्मदिन पर बांटे फल

**कोसली।** पूर्व उप जिला प्रमुख जगफूल यादव ने कैबिनेट मंत्री आरती सिंह के जन्म दिन पर झुग्गी-झोंपड़ियां में जाकर वहां रहने वाले लोगों को फल वितरित किए। जरूरतमंद लोगों को इस मौके पर खाद्य सामग्री भी बांटी गई। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सफल जनसेवा की कामना की। जगफूल यादव ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव अपने पिता राव इंद्रजीत सिंह और परिवार की जनसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और आमजन को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करना है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच गजराज झाल, भोपाल सिंह, नरेश, रोशन लाल, रामफल, विनोद कान्हड़वास व बलवान सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

---

### जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून-व्यवस्था से त्रस्त

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल, अराजकता का माहौल: राव नरेंद्र सिंह

प्रदेश के विद्यार्थियों का भविष्य लगातार पेपर लीक की घटनाओं की भेंट चढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सभा को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर पूरी तरह विफल साबित हुई है। जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था से त्रस्त है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से पूरी तरह बेखबर होकर सत्ता के अहंकार में डूबी हुई है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि आज हरियाणा में चारों ओर अव्यवस्था और असुरक्षा का माहौल है। प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हो रही है और बेटियां स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं। कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन सरकार अपराधियों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विद्यार्थियों का भविष्य लगातार पेपर लीक की घटनाओं की भेंट चढ़ रहा है। भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता समाप्त हो चुकी है और लाखों युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।



नारनौल। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

### जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी

इस अवसर जिला अध्यक्ष सतबीर झुकिया ने एसआईआर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करने वाले किसी भी कदम से लोकतंत्र कमजोर होता है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में जनता का विश्वास बनाए रखना सरकार और सभी संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। कांग्रेस लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगी। इस अवसर पर राव नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और विफलताओं को उजागर करे तथा प्रदेश में परिवर्तन का संदेश घर-घर तक पहुंचाए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर नारनौल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनपाल यादव, सिहमा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुधीर कुमार कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### आरती सिंह राव के जन्मदिन पर किया पौधरोपण



सहकारी बैंक के चेयरमैन अजय पटोदा ने कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। उन्होंने अपने समर्थकों सहित केक काटकर कैबिनेट मंत्री की दीर्घायु की कामना की। इसके बाद उन्होंने पौधारोपण भी किया। आरती राव के जन्मदिन पर सहकारी बैंक के अध्यक्ष अजय पटोदा ने पौधा लगाया। विक्रम छावड़ी व कई अन्य लोग इस अवसर पर मौजूद थे।

## जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को लेकर किए गए पुख्ता प्रबंध

**एचटेट लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा**

# आज 14 केंद्रों पर होगी परीक्षा साढ़े 4 हजार अभ्यर्थी होंगे शामिल



रेवाड़ी। एचटेट को लेकर पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी हेमेंद्र मीणा। फोटो : हरिभूमि

### इन वस्तुओं पर रहेगी पूर्ण रूप से पाबंदी

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार का आभूषण जैसे अंगूठी, झुमके, चेन, हार, पेंडेंट, बैज और ब्रोच सहित कोई भी धातु की वस्तु, कैमरा, घड़ी, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, पेजर, ब्लूटूथ, कार फोन, पर्स, लॉग टेबल, हेल्थ बैंड, बिल्ट-इन कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, ज्यामिति/प्लास्टिक पाउच और खाली या मुद्रित कागज व लिखित चिट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महिला अभ्यर्थियों को सिर्फ मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर लगाने की छूट रहेगी, वही सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक प्रतीक पहनने की अनुमति होगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की ओर से जिले में 4 व 5 जुलाई को होनी वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को लेकर जिला प्रशासन की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई है। एचटेट के लिए जिले में 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शनिवार को जिले में शाम के सत्र में 14 परीक्षा केंद्रों पर एचटेट लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा होगी, जिसमें 4 हजार 455 अभ्यर्थी शामिल होंगे। लेवल-3 पीजीटी की परीक्षा शाम 3 बजे से 5:30 बजे तक संचालित होगी। जिले में 2 दिनों में कुल 14 हजार 282 अभ्यर्थी एचटेट की परीक्षा देंगे।

### रविवार को दो सत्रों में आयोजित होगी परीक्षा

रविवार 5 जुलाई को सुबह के सत्र टीजीटी की परीक्षा में 7 हजार 287 और शाम के सत्र में पीआरटी की परीक्षा में 2 हजार 540 अभ्यार्थी शामिल होंगे। लेवल-2 टीजीटी की परीक्षा रविवार को प्रातः 10 बजे से 12:30 बजे तक तथा शाम को 3 बजे से 5:30 बजे तक लेवल-1 पीआरटी की परीक्षा संचालित होगी। परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। ओएमआर शीट पर उत्तर देने के लिए अभ्यर्थी को केवल काले बॉल पॉइंट पेन का प्रयोग करना होगा। परीक्षार्थी का केंद्र में प्रवेश रंगीन प्रवेश पत्र से ही होगा। रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

⏭ जिले में 2 दिनों में कुल 14 हजार 282 अभ्यर्थी एचटेट की परीक्षा देंगे

⏭ एसपी ने कहा कि किसी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

### 38 नाके स्थापित, करीब 450 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

एचटेट परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर एसपी हेमेन्द्र कुमार मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में सभी पर्यवेक्षण अधिकारी, थाना प्रभारी और परीक्षा केंद्रों पर तैनात रहने वाले इंचार्जों को सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की पवित्रता एवं पारदर्शिता बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसपी ने बताया कि एचटेट परीक्षा के लिए जिले में 19 लोकेशन पर कुल 23 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। परीक्षा को लेकर जिले में 38 नाके स्थापित किए गए हैं। पुलिस के करीब 450 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा संभालेंगे। सभी पुलिसकर्मी वाकी-टाकी से लैस होंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सके अलावा एचटेट परीक्षा के दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक जवानों की अतिरिक्त नियुक्ति की गई है।

### परीक्षा केंद्रों के आसपास लागू रहेगी 163 धारा

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि एचटेट परीक्षा के दौरान जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास 200 मीटर के दायरे में धारा 163 लागू रहेगी। परीक्षा के 200 मीटर दायरे में किसी प्रकार का हथियार ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थी के अलावा किसी बाहरी तत्व को सेंटर के समीप खड़ा होने की अनुमति नहीं होगी तथा परीक्षा के दोनों दिन सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक परीक्षा केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट की दुकानें बंद रहेगी साथ ही मोबाइल फोन, लैपटॉप, वाई-फाई और दूसरे पर्सनल हॉटस्पॉट का संचालन नहीं होगा।

# वृक्ष पर्यावरण संरक्षण का आधार ही नहीं जीवन के अस्तित्व का मूल स्रोत: प्रो. शर्मा



रेवाड़ी। अंसल टाउन में पौधरोपण करते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राष्ट्रीय कवि संगम संस्था के तत्त्वावधान में शुक्रवार को अंसल टाउन में वन-महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. रमेश चंद्र शर्मा ने की। इस मौके पर अंसल टाउन आरडब्ल्यूए के प्रधान अशोक यादव भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के जिला अध्यक्ष डा. मुकुट अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर प्रो. शर्मा ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संरक्षण का आधार ही नहीं, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का भी मूल स्रोत हैं। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का प्रभावी समाधान व्यापक स्तर पर पौधरोपण और उनके संरक्षण में निहित है। सभी नागरिकों को अपने जीवन में अधिकाधिक पौधे लगाने तथा उनका संरक्षण करने का संकल्प लेना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संगम महामंत्री अरुण गुप्ता, उपाध्यक्ष डा. कविता गुप्ता, कवयित्री रेखा कौशिक, मार्गदर्शक व संस्कृति लेखक सत्यवीर नाहड़िया, संरक्षक सरोज भारद्वाज, बाल विकास समिति की अध्यक्ष डा. श्रुति शर्मा, एडवोकेट भागेश यादव, कवयित्री नीरज यादव, पर्यावरणविद् तेजभान कुकरेजा, प्रचार-प्रसार सचिव यतिन चारण, राजेश यादव, उषा यादव, मधु अरुण गुप्ता, ऋतु मुकुट अग्रवाल, सतीश भारद्वाज व पुलकित अग्रवाल उपस्थित थे।

### झूठी जानकारी देने पर केस दर्ज

**कोसली।** कोसली के सयुक्त सब-रजिस्ट्रार ने झूठी जानकारी पेश करके वसीका पंजीकृत कराने को लेकर एक व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। सब रजिस्ट्रार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कोसली गांव निवासी महेन्द्र सिंह ने उषा देवी व सविता निवासी धानोरा चिल्हड़ के हक में वैयनामा पंजीकृत कराया था, जिसमें उसने झूठी जानकारी पेश की कि उक्त जमीन पर किसी भी न्यायालय में कोई केस विचाराधीन नहीं है, जबकि जमीन पर न्यायालय की ओर से स्टे दिया हुआ था।

## न्यूज डायरी



### शिकायतों को लंबित न रखते हुए तत्परता से समाधान करें अधिकारी: डीसी

रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि सभी विभाग समाधान शिविर या जनसंवाद की कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित नहीं रखते हुए तत्काल समाधान करें। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर की लंबित शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पहले कमिश्नर एवं सचिव अभिलेखागार विभाग हरियाणा डा. साकेत कुमार ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों की लंबित शिकायतों के मामले में चल रही कार्रवाई के की रिपोर्ट ली। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेणुबाला व बीडीपीओ शुभम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### गोरक्षक चौक पर 4 अगस्त को मनाई जाएगी बलिदानी सोनू सरपंच की पुण्यतिथि

रेवाड़ी। एनएच-71 स्थित गोरक्षक चौक पर 4 अगस्त को बलिदानी गोरक्षक देवेंद्र यादव उर्फ सोनू सरपंच की द्वितीय पुण्यतिथि मनाई जाएगी। शुक्रवार को कार्यक्रम को लेकर कृष्णनाथ महाराज शेरावाली माता मंदिर हांसाका की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर समाजसेवी रविंद्र आशावादी ने पुण्यतिथि कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 4 अगस्त को प्रातः 9:15 बजे हवन, गोरक्षकों को श्रद्धांजलि, गोरक्षक परिवारों का सम्मान, गोरक्षा दलों का सम्मान, गोउपचार शालाओं का सम्मान व गोशालाओं का सम्मान किया जाएगा। इस मौके पर गो-सम्मान हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर गोभक्त शीशराम यादव, धर्माचार्य दलीप शास्त्री, राजकुमार चेयरमैन कतोपुरी, श्याम सुंदर, प्रदीप डागर, दयाराम आर्य, राजकुमार विश्व हिंदू परिषद, सुरेंद्र प्रधान, दयानंद आर्य, मोना देवी सुलखा, विकास, अभय सिंह, हवा सिंह, अनंतराज, धर्मपाल, उदयभान यादव, सतपाल व सुरेश चंद मौजूद थे।

### सीईई में शामिल हुए अभ्यर्थियों के लिए सेना भर्ती रैली जुलाई मध्य में संभावित

रेवाड़ी। भारतीय सेना में भर्ती के लिए आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) में शामिल हुए अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सीईई परीक्षा का परिणाम घोषित होने के उपरांत जोनल भर्ती कार्यालय अंबाला के अंतर्गत वर्ष की पहली सेना भर्ती रैली का आयोजन सेना भर्ती कार्यालय रोहतक की ओर से किया जाएगा। यह भर्ती रैली संभावित रूप से जुलाई माह के मध्य में राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स रोहतक में आयोजित होगी। स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि भर्ती रैली चरखी दादरी, रेवाड़ी, भिवानी और महेंद्रगढ़ जिलों के उन अभ्यर्थियों के लिए आयोजित की जाएगी, जिन्होंने जून 2026 में आयोजित कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में सेंट्रल कैटेगरी के अंतर्गत जेसीओ (धार्मिक शिक्षक), हवलदार शिक्षा, जेसीओ कैटरिंग तथा हवलदार सर्वे ऑटो कार्टो के लिए भाग लिया था। प्रवक्ता ने बताया कि भर्ती रैली की सटीक तिथियों की घोषणा सीईई परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद की जाएगी।

### वाटर पार्क में मारपीट कर नकदी छीनने का केस दर्ज

रेवाड़ी। गत 28 जून की रात रोहतक नेशनल हाइवे पर रोहड़ाई के निकट एक वाटर पार्क के संचालक के रिश्तेदार पर हमला करने और नकदी छीनने के आरोप में पुलिस ने कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोहड़ाई थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में खोरी निवासी दीपेंद्र ने बताया कि 28 जून की रात वह अपने मामा के लड़के नवीन के साथ वाटर पार्क से घर जाने के लिए खड़ा हुआ था। उसने आरोप लगाया कि इसी दौरान बाइक और कार से आए सतपाल व उसके साथियों ने उसके ममेरे भाई नवीन के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। बचाव का प्रयास करने के साथ उससे भी मारपीट की गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग वहां पहुंच गए, जिस कारण आरोपी अपने वाहन छोड़कर फरार हो गए। नवीन को गंभीरवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। उसने आरोप लगाया कि सतपाल ने उन्हें रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच व आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

# चार धाम यात्रा के लिए श्रद्धालुओं का पंजीकरण अनिवार्य

- धामों में प्रवेश से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा दर्शन टोकन जारी किए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

उत्तराखंड सरकार की ओर से चार धाम यात्रा-2026 के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए श्रद्धालुओं से यात्रा से पहले अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराने की अपील की है। यात्रा के तहत यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा एवं सुगम यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई है।

### यात्रा शुरू करने से पहले स्वास्थ्य जांच जरूरी

डीसी ने बताया कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कम ऑक्सीजन, अत्यधिक ठंड और मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच कराना, नियमित व्यायाम करना तथा पर्याप्त गर्म कपड़े और आवश्यक दवाइयां साथ रखना जरूरी है। 55 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं तथा हृदय, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और मधुमेह के मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। सरकार ने ओवरस्पीडिंग, शराब-तंबाकू का सेवन, कूड़ा फैलाने, बिना अनुमति वीडियो-रील बनाने और निजी वाहनों का टैक्सी के रूप में उपयोग करने पर रोक लगाने की अपील की है। उन्होंने यात्रियों से यात्रा पर रवाना होने से पहले मौसम की जानकारी लेने तथा सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की है।

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले से चार धाम की यात्रा पर जाने से पहले यात्रियों को आधार प्रमाणीकरण के साथ पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के बाद यात्रियों को क्यूआर कोड युक्त रजिस्ट्रेशन पत्र और यूनिक आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। धामों में प्रवेश से पहले दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा दर्शन टोकन जारी किए जाएंगे। हेलीकॉप्टर बुकिंग के लिए केवल अधिकृत आईआरसीटीसी पोर्टल का उपयोग करने की सलाह दी गई है।



## एमए हिंदी कोर्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 6 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में एमए हिंदी कोर्स में एडमिशन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 जुलाई कर दी गई है। विभागाध्यक्ष डा. मंजु पुरी ने कहा कि एमए हिंदी केवल एक शैक्षणिक उपाधि नहीं, बल्कि रोजगार, शोध एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति की दिशा में सशक्त आधार प्रदान करने वाला पाठ्यक्रम है। इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थी भाषा अधिकारी, अनुवादक, अध्यापक, शोधकर्ता, पत्रकार, समाचार वाचक, कंटेंट लेखक तथा विभिन्न प्रशासनिक, सांस्कृतिक एवं मीडिया संस्थानों में उत्कृष्ट करियर बना सकते हैं। इसके अतिरिक्त यूपीएससी, एचपीएससी, यूजीसी-नेट, बैंकिंग तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी हिंदी विषय विद्यार्थियों के लिए बेहतर संभावनाएं प्रदान करता है। डा. पुरी ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदी का महत्व केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी निरंतर बढ़ रहा है। विभाग में शोध एवं अकादमिक मार्गदर्शन, नियमित संगोष्ठियां, कार्यशालाएं, साहित्यिक गोष्ठियां तथा विशिष्ट विद्वानों के व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में शोध-दृष्टि, लेखन-कौशल, आलोचनात्मक चिंतन तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति का प्रभावी विकास होता है। हिंदी विभाग के अनेक पूर्व विद्यार्थी आज देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों तथा प्रतिष्ठित सरकारी एवं निजी संस्थाओं में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं।

## आईजीयू में एमएससी मनोविज्ञान में प्रवेश लेने के लिए अंतिम मौका 6 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए एमएससी मनोविज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभ्यर्थी 6 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग की ओर से प्रथम काउंसलिंग 13 जुलाई को की जाएगी। विभागाध्यक्ष डा. बिजेंद्र सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं व्यवहार विज्ञान के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण मनोविज्ञान आज के सबसे तेजी से उभरते और संभावनाओं से भरपूर विषयों में से एक है। यह विषय केवल मानव व्यवहार एवं मानसिक प्रक्रियाओं के अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, न्याय व्यवस्था तथा सामाजिक विकास सहित अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी कारण प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की मांग निरंतर बढ़ रही है। विभाग टीचर इंचार्ज डा. संदीप कुमार ने बताया कि एमएससी मनोविज्ञान पूर्ण करने के उपरांत विद्यार्थियों के लिए क्लिनिकल साइकोलॉजी, काउंसलिंग साइकोलॉजी, इंडस्ट्रियल एवं ऑर्गेनाइजेशनल साइकोलॉजी, एजुकेशनल साइकोलॉजी, फॉरेंसिक साइकोलॉजी, अनुसंधान, मानव संसाधन, कॉर्पोरेट क्षेत्र, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों, गैर-सरकारी संगठनों तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में रोजगार एवं शोध के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 8291554800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**जन्मदिन** गोशाला में गायों को खिलाया गया चारा, एसआईआर पर निकाली जागरूकता रैली

# आरती राव के जन्मदिन पर कार्यक्रमों की रही धूम रामपुरा में केक काटकर की दीर्घायु की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह के जन्मदिन पर शुक्रवार को रामपुरा में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सरपंच नरेश यादव की अगुवाई में समर्थकों ने केक काटने के बाद गोशाला में गायों को चारा खिलाया। एसआईआर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई। आरती राव का जन्मदिन मनाने के लिए समर्थक सुबह से ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के रामपुरा निवास एकत्रित होने शुरू हो गए थे। आरती राव के बाहर होने के कारण उनके समर्थकों ने अपने स्तर पर ही उनके निवास पर पहुंचकर केक काटे। इसके बाद समर्थक भगवत भक्ति आश्रम पहुंचे। गोशाला में गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया। इस दौरान सभी ने आरती सिंह राव के उत्तम स्वास्थ्य, दीघायु और निरंतर जनसेवा के लिए प्रार्थना की। इसके बाद पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ग्रामीणों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जिसमें लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए रैली भी निकाली गई।



रेवाड़ी। आरती राव के जन्मदिन पर पौधरोपण करते हुए तथा रामपुरा हाउस में केक काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

⏭ ईश्वर उन्हें दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य व निरंतर सफलता प्रदान करें

### जनसेवा की सशक्त पहचान आरती

सरपंच नरेश यादव ने कहा कि आरती सिंह राव एक प्रेरणादायी व्यक्तित्व, संवेदनशील हृदय और सशक्त नेतृत्व की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की जनसेवा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए आरती सिंह राव प्रदेशवासियों के विश्वास पर निरंतर खरी उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य, अपार ऊर्जा, यश और निरंतर सफलता प्रदान करें, ताकि उनका प्रत्येक निर्णय जनकल्याण और प्रदेश के विकास का आधार बने तथा उनका नेतृत्व समाज को नई दिशा देता रहे।

### विकास में बड़ी भूमिका

भाजपा खोरी मंडल के महामंत्री प्रदीप ठेकेदार नारायणपुर ने कहा कि आरती राव ने जब से प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग की कमान संभाली है, स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से विस्तार हुआ है। सीएचसी और पीएचसी सहित सभी सरकारी अस्पतालों की कायाकल्प करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। आम लोगों के लिए बेहतर उपचार के रास्ते खोले जा रहे हैं, ताकि जरूरतमंद लोगों को सस्ती और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के निजी सचिव कैप्टन भोलाराम, विक्रम बाबूजी, चेयरमैन महेश यादव, जिला भाजपा सचिव दिनेश यादव टीट, सरपंच देवेंद्र नारायणपुर, महामंत्री प्रदीप ठेकेदार, सरपंच चेतन अहरोद, रिशु यादव, सतबीर सेक्रेटरी खोरी, महामंत्री अरुण धारण, धर्मपाल नंबरदार माखरिया, धर्मेंद्र प्रिंसिपल सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक ऑनलाइन आवेदन

रेवाड़ी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इच्छुक एवं पात्र बच्चे 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल अवार्ड्स.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीकी, पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे, जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, उनको ही प्रदान किए जाते हैं। अगले साल जनवरी में आयोजित होने वाले समारोह में राष्ट्रपति की ओर से चयनित बालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार में विभिन्न श्रेणियों के तहत कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। पुरस्कारों में पदक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे।

